सत्यमेव जयते
भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour/Programme/VC/13/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
**Dated: 1st September, 2017**

To,

1. The Chief Secretary,
Government of Madhya Pradesh,
Bhopal (Madhya Pradesh)

2. The Secretary,
SC & ST Welfare Department,
Govt. of Madhya Pradesh,
Bhopal, (Madhya Pradesh)

3. Collector,
District-Chhindwara,
(Madhya Pradesh)

4. Collector,
District-Seoni,
(Madhya Pradesh)

Sub: Tour Report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to visit Districts-Chhindwara and Seoni (Madhya Pradesh) from 6th August, 2017 to 11th August, 2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose herewith copy of tour report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, NCST to visit Districts-Chhindwara and Seoni (Madhya Pradesh) from 6th August, 2017 to 11th August, 2017 for information and necessary action.

6077-81
5/9/17

Yours faithfully,

(S.P. Meena)
**Assistant Director**

Copy for information and necessary action to:

1. The Assistant Director, National Commission for Scheduled Tribes, Regional Office Bhopal, Room No.309, Nirman Sadan, CGO Building, 52-A, Area Hills, Bhopal-462011(Madhya Pradesh)
2. NIC, NCST uploaded on the web site.

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार

# प्रवास प्रतिवेदन

**-:: TOUR REPORT DATED 06/08/2017 TO 11/08/2017 ::-**

{ DISTRICT CHHINDWARA, SEONI (MP) & NAGPUR (M.S.) }

जिला छिन्दवाडा, सिवनी म.प्र. एवं नागपुर महाराष्ट्र

**सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली**

---

** *** **** *** **

सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोग मुख्यालय के बेतार संदेश संख्या – TP/VC/NCST/2017/21 & 21A दिनॉंक 04/08/2017 के अनुसार दिनॉंक 06 अगस्त 2017 से 11 अगस्त 2017 तक जिला छिन्दवाडा, सिवनी (मध्यप्रदेश) एवं नागपुर (महाराष्ट्र) का प्रवास किया गया।

आयोग मुख्यालय द्वारा प्रवास की विधिवत सूचना मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिरीक्षक, संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा आयोग के मध्यप्रदेश स्थित भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक एवं अन्य सर्व संबंधितों को दी गई।

इस प्रवास में मुख्य बिन्दु एवं किये गये निरीक्षण इस प्रकार हैं :-

- **छिन्दवाडा में सामाजिक, धार्मिक, सॉस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, आमजनों से भेंट कर उनसे समस्याओं पर चर्चा की गई।**
- **अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम खजरी चौक छिन्दवाड़ा एवं राशि लान सिवनी में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित।**
- **रविभवन में अनुसूचित जनजाति एवं आम नागरिकों के साथ मुलाकात एवं उनकी समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा ।**

**दिनॉंक 06-08/08/2017 - SUNDAY,MONDAY, TUESDAY**

1) दिनॉंक 06 अगस्त 2017 को प्रातः वायुमार्ग से दिल्ली से प्रस्थान कर नागपुर आगमन। तदुपरांत नागपुर से छिन्दवाडा के लिये प्रस्थान।
2) छिन्दवाडा आगमन रात्रि विश्राम, दिनॉंक 07 अगस्त 2017 को रक्षाबंधन का शासकीय अवकाश एवं दिनॉंक 08 अगस्त 2017 को छिन्दवाडा में सामाजिक, धार्मिक, सॉस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, आमजनों से भेंट कर उनसे समस्याओं पर चर्चा की गई।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi




20)



21)

(आदिवासी दिवस के कार्यक्रम छिन्दवाड़ा में उपस्थिति जनसमुदाय – में सुश्री अनुसुईया उइके)

**दिनाँक 09/08/2017 - WEDNESDAY AFTERNOON**

22) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार छिन्दवाड़ा से प्रस्थान कर सिवनी विश्राम भवन में अल्पविश्राम एवं जनजाति समाज के तथा अन्य सभी नागरिकों से मुलाकात की गई। इस अवसर पर विश्राम भवन में श्री रहेश परते, श्री अशोक टेकाम, इत्यादि प्रमुख व्यक्तियों के प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।



23)

(सिवनी विश्राम भवन– में सुश्री अनुसुईया उइके जी का स्वागत)



सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

संबंध में मेरे द्वारा प्रथक से मध्यप्रदेश शासन को पत्राचार किया गया है। तदानुसार आयोग स्तर से भी संबंधित विभागों को अनुशंसा भेजी जावे।

15) 

(अंतर्राष्ट्रीय गोंडवाना दिवस कार्यक्रम छिन्दवाडा में सुश्री अनुसुईया उइके उपाध्यक्ष)

16) आदिवासी दिवस के इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में मैंने उपस्थित जनजाति समाज, महिलाओं, पुरूषों एवं छात्रओं को अपने उदबोधन में अनुसूचित जनजाति आयोग की कार्यप्रणाली, के संबंध में विस्तार से अवगत कराते हुए अपने अधिकारों का हनन होने पर आयोग के समक्ष अपनी बात रखने के संबंध में विधि प्रक्रिया से अवगत कराते हुए, कुछ प्रमुख समस्याएँ जो कि आयोग के समक्ष विचाराधीन है उनके माध्यम से उदाहरणों के साथ समझाईश दी गई।

17) अपने मार्गदर्शन में मैंने कहा कि भारतीय संविधान में आदिवासियों के उत्थान के लिये तथा उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से विशेष प्रावधान किये गये हैं किन्तु उसका वास्तविक लाभ उसे नहीं मिलता है। इसके लिये हमें स्वंय जागरूक होने की आवश्यकता है। शासकीय विभागों में नियमानुसार रोस्टर का संधारण, बैकलाग भर्ती, पदोन्नति के लिये प्रावधान हैं, शासन इसके लिये निरंतर मानिटरिंग करता है किन्तु ऐसा नहीं हो पा रहा है। इसके लिये हम सभी को स्वंय जागरूक होकर अपने अधिकार संविधान एवं व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त करना चाहिए।

18) प्रताड़ित होने वाले के प्रकरण में एट्रोसिटी एक्ट की धाराएँ लगाई गई हैं या नहीं यह हम स्वंय भी देखें और अधिकारियों से अनुरोध कर धाराएँ लगवानी चाहिए। इसी प्रकार से कई फर्जी व्यक्तियों द्वारा गलतढंग से आदिवासी होने का प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है उन्हें उजागर करना हमारा कर्त्तव्य हैं ताकि वास्तविक व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके।

19) उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि आयोग में आदिवासियों की भूमि के गलत तरीके से बिक्रय, उनके नाम पर जमीन का क्रय कर दोहन करने, शासकीय सेवा में नियमानुसार लाभ नहीं देने, आदिवासियों को प्रताड़ित करने जैसे मामले विशेष रूप से प्राप्त होते हैं जिन पर आयोग समुचित कार्यवाही करता है।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**दिनाँक 09/08/2017 - WEDNESDAY FORNOON**

3) स्थानीय रानी दुर्गावती चौक, खजरी रोड़, छिन्दवाड़ा में आदिवासी महापंचायत समिति, छिन्दवाड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस दिनाँक 09 अगस्त 2017 के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर उपस्थित जनजातीय समाज एवं अन्य सभी नागरिकों को मार्गदर्शन दिया गया।

4) 




(अंतर्राष्ट्रीय गोंडवाना दिवस कार्यक्रम छिन्दवाड़ा में सुश्री अनुसुईया उइके उपाध्यक्ष)

5) इस कार्यक्रम में जनजाति समाज के प्रमुख व्यक्तियों में श्रीमती कांता ठाकुर, अध्यक्ष जिला पंचायत छिन्दवाड़ा, श्री अगनशाह उइके, श्री नेपाल शाह, श्री महेश सराठी, श्री विजय कुसरे, श्री दशरत उइके, श्री जितेन्द्र शाह, श्री जगन्नाथ उइके, श्री रामराव उइके, श्री पी.आर. चंदेलकर, बड़ी सुख्या में युवक युवती एवं जनजाति छात्र छात्राएँ और आम नागरिकगण उपस्थित हुए।

6) आयोजकों द्वारा इस कार्यक्रम में औपचारिक स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया गया।

7) 




(अंतर्राष्ट्रीय गोंडवाना दिवस कार्यक्रम छिन्दवाड़ा में सुश्री अनुसुईया उइके उपाध्यक्ष)

8) इस कार्यक्रम के पूर्व जनजाति समाज के सामुदायिक भवन निर्माण स्थल पर समाज की भूमि पर वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

9) 

(अंतर्राष्ट्रीय गोंडवाना दिवस कार्यक्रम छिन्दवाड़ा में सुश्री अनुसुईया उइके उपाध्यक्ष)

10) कार्यक्रम स्थल पर स्थापित देशभक्त वीरांगना रानी दुर्गावती जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की गई।

11) 

(अंतर्राष्ट्रीय गोंडवाना दिवस कार्यक्रम छिन्दवाड़ा में सुश्री अनुसुईया उइके उपाध्यक्ष)

12) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा की छात्राओं ने ज्ञापन प्रस्तुत कर अनुरोध किया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, छिन्दवाड़ा में 120 सीट का नवीन छात्रावास निर्मित कराया गया है। इस परिसर में तीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएँ संचालित हैं। इन प्रशिक्षण संस्थाओं में लगभग 381 अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राएँ अध्ययन करती हैं।

13) छिन्दवाड़ा जिला आदिवासी जनसंख्या बाहुल्य जिला एवं लगभग पूर्व पश्चिम 120 किलो मीटर तथा उत्तर से दक्षिण तक 200 किलोमीटर में बसा हुआ है। इसलिये इन संस्थाओं में छात्राओं को बाहर से आकर अध्ययन कार्य करना पड़ता है। दूरदराज से आने जाने में परेशानी होती है और छात्रावास में निवास करते हुए ही अध्ययन संभव हो सकता है।

14) छात्रावास में सीट क्षमता वृद्धि का अनुरोध किया है। छात्राओं की सुविधा, सुरक्षा, अध्ययन की इच्छा को देखते हुए छात्रावास की क्षमता वृद्धि करने की अनुशंसा की जाती है। इस

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

24) आदिवासी सेवा मंडल, जिला सिवनी के निर्धारित कार्यक्रम स्थल राशि लान में पहुँचने पर जनजाति वर्ग के व्यक्तियों द्वारा भव्य स्वागत अपनी पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य गेडी, शैला, गायन के माध्यम से करते हुए मंच पर ले जाया गया।

25) इस कार्यक्रम में मंच पर आदिवासी सेवा मंडल के प्रातीय अध्यक्ष श्री औंकार सिंह ठाकुर, श्री श्यामसिंह कुमरे, **आई.ए.एस.**, मध्यप्रदेश शासन, श्री रहेश परते, अध्यक्ष आदिवासी सेवा मंडल सिवनी, श्री बी.एस. परतेती, श्री अशोक टेकाम, श्री अशोक सिरसाम, श्रीमती शोभारानी ठाकुर जो कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही थीं, श्री बाबूलाल बट्टी बडी संख्या में जनजाति समाज के व्यक्ति जो कि करीब 7000 की संख्या में दूरदराज के ग्रामों से इस कार्यक्रम के लिये उपस्थित हुए थे, ने भाग लिया।

26) कार्यक्रम के शुभारंभ में आदिवासी समाज के महान व्यक्तित्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री विरसामुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। साथ ही संगठन द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं मेरा औपचारिक स्वागत किया गया।

27) इस कार्यक्रम में संगठन द्वारा समाज के उत्कृष्ट छात्र छात्राओं का सम्मान, समाज में विशिष्ट कार्य करने वाले सामाजिक व्यक्तियों का सम्मान, समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।

28) 

(सिवनी आदिवासी सेवा मेंडल के कार्यक्रम में सुश्री अनुसुईया उइके जी का स्वागत)

29) इस कार्यक्रम को मेरे अतिरिक्त श्री औंकार सिंह ठाकुर, श्री एस.एस.कुमरे, श्री अशोक टेकाम द्वारा भी संबोधित किया गया। संबोधन में सभी ने समाज से अज्ञानता की बुराई को समाप्त कर आगे बढ्ने, तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के लिये, प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

30) 


(सिवनी आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में सुश्री अनुसुईया उइके जी का उदबोधन)

31) मैंने अपने उदबोधन में आयोग की कार्यप्रणाली, गतिविधियों, आदिवासी आयोग से अपने विरुद्ध होने वाले अत्याचार अन्याय के विरुद्ध कैसे न्याय एवं भारत के संविधान में प्रदत्त संरक्षण प्राप्त कर सकते हैं, इनके बारे में विस्तार से समझाईश दी गई।

32) मैंने अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, वनाधिकार अधिनियम, शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, शासकीय कर्मचारियों के पदोन्नति, नियुक्ति, रोस्टर संधारण में शासन के प्रावधान, रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु शासन की योजनाओं, पीड़ित होने वाले प्राप्तत होने वाली मुआवजा राशि, के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाते हुए आहवान किया कि आप सभी शिक्षित हों, जागरुक हो, नशा जैसी बुराईयों से मुक्ति पाएँ, और अपनी सॉंस्कृतिक, धार्मिक, भाषाई, सभ्यता को याद रखते हुए आज के आधुनिक युग में आगे बढ़ते हुए समाज में देश में अपना उच्च स्थान प्राप्त करें।

33) मैंने अपने उबबोधन में उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया कि आदिवासियों की भूमि के गलत तरीके से बिक्रय, उनके नाम पर जमीन को क्रय कर दोहन करने, शासकीय सेवा में नियमानुसार लाभ नहीं देने, आदिवासियों को प्रताड़ित करने, धर्मान्तरण, फर्जी व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जनजाति के प्रमाणपत्र बनवाकर वास्तविक व्यक्तियों के अधिकारों का हनन करने जैसे प्रकरणों को उजागर करें। इस प्रकार के प्रकरण आयोग में प्राप्त होने पर आयोग द्वारा समुचित कार्यवाही की जाती है।

34) साथ ही आयोग द्वारा जो प्रकरण सफलतापूर्वक सुनकर आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाया गया है उनके उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लोगों को समझाईश दी गई।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

35) आदिवासी सेवा मंडल, सिवनी जिला सिवनी के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि उनकी संस्था काफी पुरानी है और 1970 से पंजीकृत होकर कार्यरत है। यह संस्था अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण, जागरुकता, शिक्षा को बढावा देने, सामाजिक एकता स्थापित करने के उद्देश्य से जनजातियों के हित में कार्य करती है।

36) 

(सिवनी आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय एवं सुश्री अनुसुईया उइके जी )

37) संस्था द्वारा समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिये शासकीय भूमि आवंटित कराने के लिये अनुरोध किया है। प्रकरण की संक्षिप्त स्थिति इस प्रकार से है :-

A. आवेदक संस्था द्वारा दिनॉंक 10 जनवरी 2016 को आपके कार्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया था।
B. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी एवं तहसीलदार के प्रतिवेदन से यह स्पष्ट हो गया था कि मांगी गई भूमि प.ह.न.109 डूंडासिवनी ख. नंबर 471/4 रकबा 2.87 शासकीय भूमि उपलब्ध है।
C. इस भूमि में से मात्र 0.40 है. अर्थात 1 एकड भूमि का आवेदन संस्था द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
D. कलेक्टर के कार्याल्य के पत्र दिनॉंक 20/4/2017 के माध्यम से संस्था को सूचित किया कि मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार भूमि की मॉंग का आवेदन शासन को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि शासन प्रतिवेदन की मांग करेगा तब वे उसे भेज देगें।
E. आवेदक संस्था द्वारा उल्लेख किया है कि उसके पास उपलब्ध जानकारी तथा मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र क्रमांक एफ-6-42/2013/सात/ दिनॉंक 30 अगस्त 2013 के अनुसार आवेदन कलेक्टर को ही प्रस्तुत करना है।
F. मेरे द्वारा मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश को इस संबंध में पत्र लिखा गया है, प्रति संलग्न।
G. इस संबंध में मैंने दिनॉंक 9 अगस्त 2017 को फोन पर कलेक्टर से चर्चा की है।
H. आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

38) इस प्रकरण को आयोग स्तर से अनुशरण करने की अनुशंसा की जाती है। आयोग से संबंधित अधिकारियों से पत्राचार कर आवश्यक कार्यवाही की जावे।

39) कार्यक्रम उपरांत छिन्दवाडा के लिये प्रस्थान, स्थानीय रेलवे के चार फाटक स्थित दादाजी दरबार हनुमान मंदिर के पास श्री सार्वजनकि भुजलिया उत्सव समिति के सॉंस्कृतिक

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में नगर के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में छिन्दवाडा विधायक श्री चौधरी चन्द्रभान सिंह, श्री पोफली जी, श्रीमती कांता सदारंग, महापौर, श्री दौलतसिंह ठाकुर, श्री शिव मालवी, श्री धर्मेन्द्र मिगलानी, श्री इन्द्रजीत सिंह बैस, श्री राजा हलदुलकर आयोग श्री अंशुल शुक्ला, श्री सौंरभ ठाकुर, आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सॉस्कृतिक कार्यक्रम में कला, संगीत, नृत्य, गायन, आदि का प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया गया।

40) 

(छिन्दवाडा भुजलिया उत्सव के कार्यक्रम में सुश्री अनुसुईया उइके जी का संबोधन एवं कलाकार)

**दिनॉंक 10/08/2017 - THIRSDAY**

41) छिन्दवाड़ा निवासस्थल पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अपने ज्ञापन, आवेदन प्रस्तुत कर उनका समाधान कराने का अनुरोध किया गया। जिन्हें प्रथक से संबंधित विभागों को भेजा गया है।

42) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार छिन्दवाडा से नागपुर के लिये प्रस्थान। नागपुर रविभवन विश्राम भवन में जन प्रतिनिधियों, एवं अन्य नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना गया यथा योग्य कार्यवाही का आश्वासन देते हुए उनपर कार्यवाही की गई।

**दिनॉंक 11/08/2017 - FRIDAY**

43) संशोधित निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः की फलाईट से दिल्ली के लिये प्रस्थान। प्रवास संपन्न।

44) **प्रवास के प्रमुख तथ्य एवं अनुशंसाएँ**

A. आदिवासी सेवा मंडल सिवनी द्वारा शासन से जो भूमि की मांग की गई है उस पर कार्यवाही के लिये आयोग से पत्राचार किया जावे। अनुशंसा की जाती है।

B. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाडा में आदिवासी छात्राओं के लिये छात्रावास की क्षमता वृद्धि के लिये आयोग स्तर से पत्राचार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

नई दिल्ली
दिनॉंक 16 अगस्त 2017

सुश्री अनुसुईया उइके
उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
भारत सरकार नई दिल्ली

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

स्थापना–1970
पं. क्र. 2611/ए/एस/एम

# आदिवासी सेवा मण्डल सिवनी

संयोजक
श्री घनश्याम मार्को
फोन- 07692 22207

संयोजक ( महिला प्रकोष्ठ)
श्रीमती शोभारानी ठाकुर
मो. 8719044307

अध्यक्ष
श्री रहेशलाल परते
मो. 9425843038

उपाध्यक्ष
श्री साधूलाल वाडिवा
मो. 9424627750

महामंत्री
श्री रामेश्वर धुर्वे
मो. 8989555302

कोषाध्यक्ष
श्री सरोज वेकाम
मो. 7566091955

उप कोषाध्यक्ष
श्री राघवेन्द्र कुमरे
मो. 9424718420

सचिव
श्री राकेश मार्को

क्रमांक/आ. से. मं./

दिनांक 18-06-17

कलेक्टर महोदय सिवनी के पत्र दिनांक 20.04.201
द्वारा सूचित किया गया कि (पत्र संलग्न) उनके द्वारा उक्त भूमि
जॉच कराकर चिन्हांकित की गई है। अतः भूमि शासन द्वारा ही आ
किया जा सकेगा। यदि इस संबंध में शासन द्वारा किसी प्रका
प्रतिवेदन इनसे मॉगा जाएगा तो वे समस्त जानकारी के सहित प्र
मध्यप्रदेश शासन को प्रस्तुत करेगें।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उक्त उपलब्ध शा
भूमि में से 0.40 हे. (एक ऐकड) आदिवासी सेवा मंडल सिवनी इका
आवंटित करने की कृपा करें। समस्त आदिवासी समाज आपका हृ
आभारी रहेगा।

संलग्न :–

1. खसरा नक्सा की प्रतिलिपि।
2. कलेक्टर महोदय द्वारा दिया गया पत्र की प्रतिलिपि।

अध्यक्ष
आदिवासी सेवा मंडल सिवनी

स्थापना–1970
पं. क्र. 2611/ए/एस/एम72

# आदिवासी सेवा मण्डल सिवनी

संयोजक
श्री घनश्याम मार्को
फोन– 07692 22207

संयोजक (महिला प्रकोष्ठ)
श्रीमती शोभारानी ठाकुर
मो. 8719044307

अध्यक्ष
श्री रहेशलाल परते
मो. 9425843038

उपाध्यक्ष
श्री साधूलाल वाडिवा
मो. 9424627750

महामंत्री
श्री रामेश्वर धुर्वे
मो. 8989555302

कोषाध्यक्ष
श्री सरोज तेकाम
मो. 7566091955

उप कोषाध्यक्ष
श्री राघवेन्द्र कुमरे
मो. 9424718420

सचिव
श्री राकेश मार्को
मो. 9424904757

क्रमांक/आ. से. मं./

दिनांक 18·06·17

प्रति,
सुश्री
अनुसुईया उइके जी
उपाध्यक्ष
अनु. जनजाति आयोग
भारत सरकार

विषय :– जिला सिवनी में आदिवासी मंगल भवन के निर्माण हेतु भूमि का आवंटन करने बावद्।

महोदय,

सिवनी जिले के समस्त आदिवासी समाज आपसे विनम्र निवेदन करता है कि उनके शादि विवाह, संगोष्टि, समाजिक कार्यकम आदिवासी समाज के बच्चों के प्रशिक्षण करने हेतु भारत की आजादी के 70 वर्षों बाद भी आदिवासी समाज का मंगल भवन जिला मुख्यालय मे नहीं है जबकि सिवनी जिला 60% आदिवासी बाहुल्य है। तथा दूर–दराज से भाई–बहन अनेक कार्यकम जैसे कोर्ट–कचहरी इत्यादि कार्यों से जिला मुख्यालय में आते हैं। किन्तु आदिवासी मंगलभवन की उपलब्धता नहीं होने के कारण उन्हे अनेक कठनाईयों का सामना करना पड़ता है।

तत्संबंध में आदिवासी सेवा मंडल इकाई सिवनी के द्वारा दिनांक 10.01.2016 को कलेक्टर महोदय सिवनी को आवेदन दिया गया था। जिसमें कलेक्टर महोदय द्वारा भूमि की उपलब्धता के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी सिवनी एवं तहसीलदार सिवनी से जानकारी मांगी गई थी। उक्त जानकारी में यह स्पष्ट हो गया है कि प.ह.नं. 109 डूंडा सिवनी, खसरा नं. 471/4, हे. 2.87 (लगभग 7 एकड़) शासकीय भूमि उपलब्ध है। इस संबंध में आदिवासी सेवा मंडल इकाई के द्वारा 0. 40 हे. (1 एकड) भूमि की मॉंग सर्व आदिवासी समाज द्वारा मंगलभवन के निर्माण हेतु कलेक्टर महोदय से की गई थी।

स्थापना–1970
पं. क्र. 2611/ए/एस/एम72

# आदिवासी सेवा मण्डल सिवनी

संयोजक
श्री घनश्याम मार्को
फोन– 07692 22207

संयोजक ( महिला प्रकोष्ठ )
श्रीमती शोभारानी ठाकुर
मो. 8719044307

अध्यक्ष
श्री रहेशलाल परते
मो. 9425843038

उपाध्यक्ष
श्री साधूलाल वाडिवा
मो. 9424627750

महामंत्री
श्री रामेश्वर धुर्वे
मो. 8969555302

कोषाध्यक्ष
श्री सरोज वेकाम
मो. 7566091955

उप कोषाध्यक्ष
श्री राघवेन्द्र कुम्रे
मो. 9424718420

सचिव
श्री राकेश मार्को
मो. 9424904757

क्रमांक/आ. से. मं./

दिनांक 18-06-17

कलेक्टर महोदय सिवनी के पत्र दिनांक 20.04.2017 के द्वारा सूचित किया गया कि (पत्र संलग्न) उनके द्वारा उक्त भूमि की जॉच कराकर चिन्हांकित की गई है। अतः भूमि शासन द्वारा ही आवंटित किया जा सकेगा। यदि इस संबंध में शासन द्वारा किसी प्रकार का प्रतिवेदन इनसे मॉगा जाएगा तो वे समस्त जानकारी के सहित प्रकरण मध्यप्रदेश शासन को प्रस्तुत करेगें।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उक्त उपलब्ध शासकीय भूमि में से 0.40 हे. (एक ऐकड) आदिवासी सेवा मंडल सिवनी इकाई को आवंटित करने की कृपा करें। समस्त आदिवासी समाज आपका हृदय से आभारी रहेगा।

संलग्न :–

1. खसरा नक्सा की प्रतिलिपि।
2. कलेक्टर महोदय द्वारा दिया गया पत्र की प्रतिलिपि।

अध्यक्ष
आदिवासी सेवा मंडल सिवनी

कार्यालय का पता :– 31 राधा कृष्ण नगर, अरूणाचल स्कूल के पास, बरघाट नाका टैगोर वार्ड, सिवनी (म.प्र.)